संदेश

वैशाखी, विशु, रोंगली बिहू, नब बर्ष, वैशाखड़ी और पुतान्दु पिरापु के पावन अवसर पर, मैं भारत एवं विदेश में बसे सभी भारतीयों को शुभकामनाएं देता हूँ।

फसलों की कटाई के अवसर पर मनाये जाने वाले ये त्योहार, हमारे किसानों के कठिन परिश्रम और प्रयासों के प्रति सम्मान के प्रतीक हैं। हमारे देश के अलग-अलग भागों में मनाए जाने वाले ये पर्व भारत की समृद्ध और विविध संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हैं।

मैं कामना करता हूँ कि खुशियों से भरे ये त्योहार हमें अपने राष्ट्र की प्रगति और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच भाईचारा मजबूत करने के लिए प्रेरित करें।

****